# देवरा में सक्रिय हुआ अंतर्राज्यीय जुंआ फड़

## पुलिस की निगरानी पर दांव लगाने की चर्चा तेज, उठने लगे पुलिस पर सवाल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 30 नवम्बर। कोतवाली बैढ़न से महज एक किलोमीटर दूरी पर स्थित देवरा ग्राम में बीते लंबे अर्से से चल रहा अंतर्राज्यीय जुआं का कारोबार एक बार फिर पूरी रफ्तार पकड़ चुका है। कुछ महीनों पूर्व मामला गरमाया तो फड़ बंद कर दिया गया था, लेकिन जुआं कारोबारियों की लगन और समर्पण को भला कौन रोक सकता है। नतीजा फड़ फिर से सक्रिय, खिलाड़ी फिर से मैदान में और पुलिस जैसा कि हमेशा, अंधेरे में टटोलती हुई नजर आ रही है।**

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह वही इलाका है, जहां जुआं फड़ इस कदर जमे हैं कि आसपास परिंदा भी पर नहीं मार सकता। वजह चारों ओर



तैनात उन खास लोगों की चौकसी, मानो देश की सरहदों की सीमा की सुरक्षा में सीआईडी के जवान सिविल ड्रेस में निगरानी करते हैं और जुआं के खिलाड़ियों के करोड़ों के दांव पर नजर रखते हैं। यदि किसी आम आदमी को गलती से भी उस रास्ते पर जाना हो, तो उसे खुद पता नहीं चलता कि वह गुजर चुका है या पूछतांछ में पास हो चुका है। इतनी उत्तम व्यवस्था विरले ही किसी सरकारी तंत्र में देखने मिलती है। सूत्र बताते हैं कि देवरा गांव में नदी के ऊपर रेलवे क्रॉसिंग के पश्चिम दिशा में स्थित यह जुआं फड़ सिर्फ स्थानीय खेल नहीं, बल्कि म.प्र., उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के नामचीन खिलाड़ियों का मिनी इंटरनेशनल टूर्नामेंट बन चुका है। यहां लाखों के दांव और करोड़ों की रकम का खेल खुली हवा में चलता है। कहते हैं, पैसा बोलता है और यहां तो इतना बोल रहा है कि पुलिस की कानों तक कोई आवाज ही नहीं पहुंच रही। स्थानीय लोगों का तंज है कि कोतवाली पुलिस इतनी सतर्क है कि पूरे क्षेत्र में जुआं बंद हो ही नहीं सकता। अगर जुआं चल रहा हो, तो इसका मतलब हुआ कि पुलिस की विशेष रणनीति काम कर रही है। आखिर साधारण जनता समझ भी कैसे सकती है कि पुलिस की चुप्पी, कभी-कभी कार्रवाई से भी ज्यादा प्रभावी होती है। पहले तो खानापूर्ति के लिए कभी-कभार एक-दो छोटे मामले दर्ज कर लिए जाते थे, ताकि कागजों में सक्रियता बनी रहे। लेकिन अब लगता है कि पुलिस ने यह फैसला कर लिया है कि जनता को भ्रमित करने की जरूरत ही नहीं, साफ-साफ चुप्पी ही काफी है। बताते हैं कि जुआं फड़ के इस खेल में खेलने वालों की किस्मत चमकती है या फिर बर्बाद हो जाते हैं, लेकिन खिलाने वाले को शुद्ध मुनाफा होता है। अगर उसका खर्चा है तो पुलिस प्रशासन और इससे जुड़े लोगों को मैनेज करने में होता है।

### जुंआ फड़ की सीमा जैसी पहरेदारी

देवरा के जुआं फड़ की पहरेदारी देख कोई भी भ्रम में पड़ सकता है कि यह किसी देश की सीमा है या जुआरियों का नया मुख्यालय। हर चौराहे, हर मोड़ पर ऐसे गार्ड खड़े मिलते हैं, जिनकी चौकसी असली जवानों को भी शर्मिंदा कर दे। आने-जाने वालों पर ऐसी निगाह रखी जाती है जैसे किसी ने देश की सुरक्षा खतरे में डाल दी हो। जरा सी हलचल हुई नहीं कि मोबाइल पर तुरंत फड़ मुख्यालय में बैठे आकाओं को रिपोर्ट भेज दी जाती है। मजे की बात तो यह है कि इस पूरे इंतजाम पर पुलिस भी कोई आपत्ति जाहिर नहीं करती, जैसे यह सब उनकी जानकारी में नहीं, बल्कि उनकी कुशल रणनीति का हिस्सा हो। कुल मिलाकर, देवरा का यह फड़ कानून से ज्यादा चौकसी और व्यवस्था से ज्यादा हिम्मत दिखा रहा है।

### जुएं की लत से कई गृहस्थियां हो गईं बर्बाद

देवरा में जुआं का खेल इन दिनों पूरी शानों-शौकत से चल रहा है, मानो किसी बड़े आयोजन की तरह रात-दिन दांव पर दांव लगाए जा रहे हों। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र की सुरक्षा और कानून व्यवस्था संभालने वाली पुलिस अपनी परंपरागत अदृश्य उपस्थिति को पूरी निष्ठा से निभा रही है। न जाँच, न दबिश बस मौन। जुआ फड़ की खुलेआम गतिविधियों से कई परिवार टूट रहे हैं, युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है, पर प्रशासन की आंखें अब भी मूंदे हुई हैं। जनता सवाल पूछते-पूछते थक चुकी है, लेकिन व्यवस्था अपनी जगह इतनी मजबूत दिखाई देती है कि सब देखती भी है, पर मानती कुछ नहीं और कार्रवाई की उम्मीद धुंधली होती जा रही है।



# जियावन पुलिस ने 14 ग्राम पकड़ी स्मैक

## उमरहर गांव में घेराबंदी कर कार को पुलिस ने रोका

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 30 नवम्बर। जियावन पुलिस ने उमरहर में एक नशे के कारोबारी को घेराबंदी करते हुये उसके कब्जे से 14 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक सुजकी कार को जप्त किया है।**

थाना प्रभारी उप.पु.अ. रोशनी कुर्मी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा बीते दिन शनिवार को मुखबिर की सूचना पर रेड कार्यवाही करते हुए ग्राम उमरहर तरफ से एक व्यक्तियों द्वारा कार से आते मिले, जिनसे पूछतांछ एवं तलासी पर 14 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जिसकी कीमती 28 हजार रूपये की अवैध मिलने पर धारा 8/21, एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने पर अवैध मादक पदार्थ एवं एक अदद मारूती सुजुकी कार क्रमांक यूपी 70 वाई 2063 वाहन को जप्त कर तसरीफ बक्स पिता सफीबुल्ला बक्स उम्र 39 वर्ष निवासी खैराबड़ा थाना जियावन को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में उप.पु.अ. रोशनी कुर्मी, उनि एसएन दुबे, सउनि तेजबहादूर सिंह, प्रआर पतिराज सिंह, आर सदन कुमार, खुम सिंह, रूपेश अलावा की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं।


### एक नजर में

#### ठंड में गरीबों के लिए देवदूत बने युवा नेता



**देवसर।** कड़ाके की ठंड में जब बेसहारा लोग ठिठुरते हुए रात गुजारने को मजबूर हैं, ऐसे समय में जिले के युवा नेता रामाश्रय दुबे, जिला कार्य समिति सदस्य, भाजपा मानवता का ऐसा उदाहरण पेश कर रहे हैं, जो समाज को गहराई से प्रेरित करता है। देवसर क्षेत्र में वे अक्सर असहाय, जरूरतमंद और सड़क किनारे रहने वाले गरीब परिवारों के बीच जाकर कंबल और गर्म भोजन वितरित कर रहे हैं। बिना किसी प्रचार-प्रसार के बिना किसी स्वार्थ के सिर्फ मानवता के लिए।

#### जिला स्तरीय वृहद युवा संगम रोजगार मेला 2 को




**सिंगरौली।** जिले के बेरोजगार युवा-युवतियों को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य युवा संगम स्वरोजगार, रोजगार, अप्रैंटिसशिप मेले का वृहद स्तर पर आयोजन कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय सिंगरौली, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान राजमाता चूनकुमारी स्टेडिम बैढ़न में 2 दिसम्बर को आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेले में भाग लेने वाली कम्पनियाँ महान इनर्जेन लि. बंधौरा, रिलायंस पावर लि. सासन, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लि. बरगवां, सहित अन्य कम्पनियों द्वारा योग्यता अनुसार रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जायेगा।

#### अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन आज

**सिंगरौली।** कल दिन सोमवार 1 दिसंबर को गीता जयंती के मौके पर भव्य गीता महोत्सव मनाया जाएगा। जिले में मुख्य कार्यक्रम अटल सामुदायिक भवन बैढ़न में आयोजित होगा। इस दिवस पर जिला मुख्यालय पर 1100 गीता पाठिय एक साथ श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ करेंगे। जिलास्तरीय समारोह का आयोजन अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा सभी विकासखंड मुख्यालयों पर भी लोग सामूहिक रूप से गीता पाठ करेंगे। कलेक्टर गौरव बैनल ने कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बन्ध में अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।




# पुलिस ने अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर ट्रॉली हट्टा पुलिया से किया जब्त

## सरई पुलिस ने घेराबंदी कर की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 30 नवम्बर। जिले के थाना सरई क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रेत खनन व परिवहन के खिलाफ बड़ी और प्रभावी कार्रवाई की है। पुलिस ने रेत माफियाओं पर शिकंजा कसते हुए एक बिना नंबर का ट्रैक्टर ट्रॉली जिसमें अवैध रूप से रेत लदी हुई थी, जप्त किया है। यह कार्रवाई एसपी मनीष खत्री के निर्देश पर सरई थाना पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।**

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए ग्राम हट्टा पुलिया के पास घेराबंदी कर कार्रवाई की। मौके से एक नीले रंग का सोनालिका कंपनी का ट्रैक्टर मय अवैध रेत लोड ट्रॉली जप्त किया गया। ट्रैक्टर ट्रॉली की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये तथा रेत की कीमत करीब 3 हजार रुपये बताई गई है। कुल जप्ती की कीमत करीब 5 लाख 3 हजार रुपये है। इस संबंध में थाना सरई में धारा 303(2), 317(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। साथ ही ट्रैक्टर के वाहन स्वामी के विरुद्ध भी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। राजसात की प्रक्रिया के लिए कलेक्टर को अलग से प्रतिवेदन भेजने की तैयारी भी की जा रही है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक जितेंद्र सिंह भदौरिया, सउनि उपेंद्र सिंह, आर राहुल यादव, रिकू धाकड़, तेजप्रताप, शिवम पाटकर एवं तेजभान सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# एनसीएल जयंत सीएचपी में करंट लगने से श्रमिक की मौत

## संविदाकार कंपनी ने की आर्थिक मदद, चकरिया गांव का रहने वाला था मृतक

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 30 नवम्बर। जिले के एनसीएल के जयंत क्षेत्र स्थित कोल हैंडलिंग प्लांट सीएचपी में बीते गुरुवार की दोपहर एक ठेका श्रमिक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान चकरिया गांव निवासी अरविंद खैरवार के रूप में हुई है, जो एक कंपनी के लिए वेल्डिंग का काम करता था।**



दोपहर करीब 12 बजे अरविंद सीएचपी में वेल्डिंग का काम कर रहा था। बताया गया कि वेल्डिंग मशीन को एक जगह से दूसरी जगह ले जाते समय उसमें करंट आ गया, जिसकी चपेट में अरविंद आ गया। वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। उसके सहकर्मियों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही विंध्यनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिलाने के लिए ठेका कंपनी से बात की जाएगी और हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी। इस हादसे के बाद काम के दौरान सुरक्षा उपकरणों की कमी को लेकर मजदूरों में आक्रोश देखा गया। एक मजदूर राधेश्याम ने बताया कि वेल्डिंग जैसे जोखिम भरे कार्यों के लिए अक्सर सुरक्षा किट उपलब्ध नहीं कराई जाती, जिससे ऐसे हादसे होते रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह दुर्घटना सुरक्षा मानकों की अनदेखी का परिणाम है। मजदूरों ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर सूत्रों की बातों पर गौर करे तो संविदाकार के द्वारा मृतक के परिजनों को 25 लाख का मुआवजा के साथ 1 लाख रूपये अंतिम संस्कार के लिए दिया गया। वहीं कर्मकार प्रतिकर की राशि एनसीएल प्रबंधन द्वारा दी जाएगी।

# अभियान में यातायात ने 700 वाहनों पर की ताबड़तोड़ कार्रवाई

## यातायात पुलिस ने जागरूक करते हुए लापरवाहों पर की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 30 नवम्बर। अभियान के दौरान पांच दिनों में यातायात नियमों को उल्लंघन करने वाले 700 से अधिक वाहनों पर कार्यवाही कर 3 लाख 50 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना अधिरोपित किया गया।**




सड़क दुर्घटनाओं एंव उनमे होने वाली मृत्युदर को कम किए जाने की उद्देश्य चलाए जा रहे 15 दिवसीय अभियान के तहत की जा रही कार्यवाही। उक्त कार्रवाई में बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने पर 450 से 1 लाख 35 हजार, बिना वैध बीमा के वाहन चलानो वाले 6 लोगों से 6 हजार, बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के वाहन 180 से 90 हजार, तेजगति से वाहन चलाने वाले 4 लोगों से 4 हजार रूपये सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही 60 लोगों से 1 लाख 15 हजार रूपये चालानी कार्रवाई काटी गई।



# कृषि विभाग ने खाद एवं बीज दुकानों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 30 नवम्बर।** कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन में कृषि अधिकारी मनोज सिंह एवं राजस्व विभाग के संयुक्त अमले के द्वारा खाद एवं बीज की बिक्री करने वाले कई दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों द्वारा निर्धारित दर पर ही खाद एवं बीज की बिक्री करते पाये गये। कृषि विभाग ने कहा कि यदि कोई भी दुकानदार निर्धारित दर से ज्यादा मूल्य पर बिक्री करते हुए पाए गये तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी एवं उनके विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

# कोयला से लदा वाहन 30 फीट खाई में गिरा, दो की मौत

## मोरवा-जयंत मार्ग पर हुआ भीषड़ हादसा, घटना की खबर लगते ही पहुंची पुलिस, वाहन से निकाले गए शव

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 30 नवम्बर। जयंत चौकी क्षेत्र के मुड़वानी डैम के पास बीती रात एक कोयला परिवहन ट्रक 30 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ट्रक चालक और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा देर रात लगभग 3 बजे के आसपास हुआ।**



जानकारी के अनुसार ट्रक जयंत परियोजना क्षेत्र से कोयला परिवहन कार्य में लगा हुआ था। प्रारंभिक जांच में चालक द्वारा वाहन से नियंत्रण खो देने के कारण ट्रक के खाई में गिरने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही जयंत चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार अपनी पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस ने ट्रक के केबिन में फंसे चालक और क्लीनर को बाहर निकालकर नेहरू अस्पताल जयंत के लिए रवाना किया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृत चालक की पहचान गोदवाली निवासी सुरेश पाल के रूप में हुई है। वहीं क्लीनर सूरज पाल कचनी का निवासी बताया जा रहा है। फिलहाल चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुये शव परिजनों को सौप दिया है।

# साहित्य, समाज व संस्कृति का संरक्षण करता है : सोहनलाल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 30 नवम्बर। आचार्य रामचंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में पुस्तक विमोचन, कवि गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**




कार्यक्रम में डॉ. संगीता पाल की पुस्तक बचपन की पचपन कविताएं का विमोचन मुख्य अतिथि सोहनलाल श्रीमाली अध्यक्ष भोलानाथ कुशवाहा और मंचासीन अतिथियों ने किया। मंच पर कवि व लेखक डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव कवि रविपाल खामोश, सहित अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आनंद अमित और अनिल कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य समाज और संस्कृति को संरक्षित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने कहा कि डॉ. संगीता पाल ने बच्चों के लिए उपयोगी पुस्तक का सृजन किया है। है। कार्यक्रम में प्रो चंद्र प्रकाश, राजन, रुचि, दिव्या, ज्योति, कमला पाल, रामअवध पाल अन्य मौजूद रहे।

# प्रतिदिन बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पानी, आवागमन में बन रहा बाधा, जिम्मेदार मौन

## डिग्री कॉलेज तिराहा बना जल संकट का केंद्र, टूटी पाइप लाइन महीनों से बेहाल, पेयजल बह रहा सड़क और नालियों में

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 30 नवम्बर। नगर निगम की लापरवाही एक बार फिर वार्ड क्रमांक 30 में खुलकर सामने आई है, जहां डिग्री कॉलेज पहुंच मार्ग तिराहे पर बीते कई महीनों से अलग-अलग स्थानों में टूटी घरों की सप्लाई पाइपलाइन मिनी फव्वारे का रूप लिए हुए है। तेज दबाव वाली पेयजल लाइन फट जाने से रोजाना हजारों लीटर अमृत जल सड़क और नालियों में बह रहा है, जबकि दूसरी ओर क्षेत्र के कई घरों में सुबह-शाम जलापूर्ति बाधित हो रही है।**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि समस्या की शिकायत कई बार निगम से की गई, लेकिन मरम्मत के नाम पर केवल आश्वासन मिला, कार्य शुरू नहीं हुआ। गौरतलब है कि पचखोरा मुख्य सड़क के किनारे पाइपलाइन में रिसाव की समस्या बहुत दिनों से है। शुरुआत में पानी हल्का रिसता था, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में पाइप पूरी तरह फट गई और अब स्थिति यह है कि सड़क पर पानी का बहाव इतना तेज हो गया है कि यह





देखने में मिनी फव्वारे जैसा प्रतीत होता है। आसपास के दुकानदारों और कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यह बहता पानी परेशानी का कारण बन चुका है। कई बार बाइक फिसलने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, वहीं पानी नालियों में बहकर जाम की स्थिति पैदा कर रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में बदबू और गंदगी फैल रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिस अमृत जल को बचाने के लिए सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, वही पानी ननि की उदासीनता के कारण नालियों में बेदर्दी से बह रहा है। जल संकट झेल रहे इलाके में इस तरह की भारी बर्बादी ने लोगों में नाराजगी पैदा कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलापूर्ति बाधित होने के कारण उन्हें कई बार पानी खरीदकर लाना पड़ता है, जबकि सरकारी पाइपलाइन से पानी सड़क पर ही बहकर खत्म हो जा रहा है।

### घटिया पाइप-टोंटी से बढ़ी पानी की बर्बादी

वार्ड 30 में सड़क किनारे जल्दबाजी में बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन और ठेकेदार द्वारा उपयोग की गई घटिया सामग्री, पानी की लगातार बर्बादी की मुख्य वजह बन गई है। पाइपलाइन कमजोर होने के कारण हल्के दबाव में भी फट रही है, जिससे सप्लाई लाइन जगह-जगह मिनी फव्वारे की तरह पानी उछाल रही है। वहीं खराब क्वालिटी की टोंटियां कुछ ही दिनों में ढीली होकर टूट गईं, जिनसे लगातार पानी नालियों में बह रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ननि की अनदेखी और ठेकेदार की लापरवाही से निम्न स्तरीय पाइप और फिटिंग सामग्री लगाई गई, जिसके चलते महीनों से जलापूर्ति बाधित है। निगम की निगरानी की कमी ने समस्या को और गहरा कर दिया है।